### नुनसर पुलिस चौकी में दर्ज कराई गई एफआईआर

# अवैध परिवहन करते पकड़ी गई डीएपी, जांच में निकली नकली

हरिभूमि जबलपुर।

जिले की पाटन तहसील में नुनसर के समीप बुलेरो पिकअप से अवैध परिवहन करते पकड़ी गई डीएपी उर्वरक को परीक्षण में अमानक पाये जाने पर कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा आज शनिवार को नुनसर चौकी में चार व्यक्तियों एवं सागर की फर्म रितु ग्राम बायोफर्टिलाइजर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

ज्ञात हो कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा गुरुवार को नुनसर में रिंग रोड के निर्माणाधीन पुल के समीप बुलेरो पिकअप वाहन एम पी 38 जेड डी 8508 को डीएपी उर्वरक का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया था। इस पिकअप वाहन में डीएपी की 70 बोरिया रखी पाई गई थीं। इनमें आईपीएल कम्पनी की डीएपी की 39 बोरियां तथा इफ्को कम्पनी की डीएपी की 31 बोरियां शामिल थीं । डीएपी को सागर से नुनसर के समीप कंतोरा ले लाया जा रहा था। इसे मकरोनिया सागर के आलोक जैन द्वारा कंतोरा पाटन के राजकुमार साहू के यहाँ भेजा जा रहा था। नुनसर में रिंगरोड पर निर्माणाधीन पुल के समीप पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़े जाने पर वाहन चालक मुकेश सेन और उसके साथी सौरभ सेन द्वारा मौके पर कोई दस्तावेज नहीं प्रस्तुत नहीं किये जा सके थे।




पुलिस द्वारा पिकअप वाहन से अवैध परिवहन करते पकड़ी गई डीएपी की की सूचना किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों को दी गई और इसके नकली होने का संदेह भी जताया गया। पुलिस से प्राप्त सूचना पर मौके पर पहुँचे उर्वरक निरीक्षक एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों ने डीएपी की प्रारंभिक जांच की तथा प्रथम दृष्टया नकली पाये जाने पर डीएपी के नमूने लेकर परीक्षण और विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला भेजा।

प्रयोगशाला से नमूनों की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद इस मामले में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की ओर से उर्वरक निरीक्षक पंकज श्रीवास्तव द्वारा आज शनिवार को नुनसर चौकी में एफ आई आर दर्ज कराई गई। पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की विभिन्न धाराओं के तहत मकरोनिया सागर निवासी आलोक जैन, कंतोरा पाटन निवासी राजकुमार साहू, ग्राम जमुनिया तालुक पडरिया जिला रायसेन निवासी वाहन चालक मुकेश सेन, कठौन्दा माढ़ोताल निवासी सौरभ सेन एवं सागर की फर्म रितु ग्राम बायोफर्टिलाइजर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया गया है तथा विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

### राज्य शासन सहित अन्य को जारी किए नोटिस

# हाई कोर्ट ने हिरण नदी में अवैध रेत खनन पर मांगा जवाब

हरिभूमि जबलपुर।



हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने हिरण नदी के तट पर अवैध रेत खनन के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं। जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी मनोहर सिंह ठाकुर की ओर से अधिवक्ता साहिल बिल्ला ने दलील दी कि न केवल हिरण नदी के तट पर अवैध रेत खान जारी है बल्कि सुरैया से सिमरिया सुरैया से धमनी मार्ग कुंवरपुर और बसंत पौड़ी मार्ग और पौड़ी इटवा मार्ग और कटरा ग्राम से बेल खेड़ा मार्ग पर अवैध रेत भंडारण भी हो रहा है। इस कार्य में महेंद्र सिंह लोधी, गुलाब सिंह, कैलाश गोपाल, ओंकार सिंह, रामेश्वर सिंह व उदयभान सिंह शामिल हैं। इसीलिए जनहित याचिका में इन्हें पक्षकार बनाया गया है। जनहित याचिका दायर करने से पूर्व पाटन पुलिस थाने के अलावा जिम्मेदार अमलों को शिकायत भेजी गई थी। जिसके बाद एक जांच दल का गठन किया गया। अंततः अवैध खनन न होने की रिपोर्ट देकर लीपापोती की कोशिश की गई है। इसीलिए व्यापक जनहित में हाई कोर्ट आना पड़ा।

## ट्रांसको ने आश्रित परिवार की अनुग्रह राशि बढ़ाई

**जबलपुर।** एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने कंपनी की सेवा में कार्यरत किसी कार्मिक की मृत्यु की स्थिति में उसके आश्रित परिवार को दी जाने वाली अनुग्रह अनुदान राशि का पुनरीक्षण किया है। अब अधिकतम अनुदान राशि 1,25,000 (एक लाख पच्चीस हजार) रुपए कर दी गई है। इस संबंध में कंपनी द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता अतुल जोशी ने बताया कि ज्ञापन क्रमांक एफ 420/1-25/नियम/चार, दिनांक 3 अप्रैल 2025 में किए गए आवश्यक संशोधन को स्वीकार करते हुए लिया गया है। नए आदेश के अनुसार, किसी कार्मिक की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर उसके आश्रित परिवार को "वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017" के अंतर्गत देय वेतन के छह गुना के बराबर, अधिकतम 1 लाख 25 हजार रुपए तक की अनुग्रह अनुदान राशि स्वीकृत की जाएगी। यह आदेश 1 अप्रैल 2025 या उसके बाद होने वाले प्रकरणों पर प्रभावी होगा। अनुग्रह अनुदान के भुगतान की अन्य शर्तें पूर्ववत प्रभावशील रहेंगी।

## नर्सिंग महाघोटाले के दस्तावेज मुख्य सचिव को सौंपे

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग महाघोटाले को लेकर राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने एक बार फिर सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की माँग की है। एनएसयूआई मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें नर्सिंग घोटाले की निष्पक्ष और स्वतंत्र उच्च स्तरीय जांच, दोषियों के निलंबन तथा आपराधिक मुकदमा दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया प्रारंभ करने की माँग शामिल है। रवि परमार ने ज्ञापन में कहा कि इस महाघोटाले के खुलासे को एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक सभी दोषियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। वर्ष 2024 में तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा आयुक्त द्वारा 110 से अधिक डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। परंतु वर्तमान आयुक्त तरुण राठी द्वारा मात्र 70 लोगों को ही आरोप पत्र दिए गए, जिससे यह संदेह और गहराता है कि शेष दोषियों को जानबूझकर बचाया जा रहा है। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में व्यापक छात्र आंदोलन चलाने को बाध्य होगा।

## वर्तमान परिदृश्य में भारतीय महिला का प्रतिमान स्थापित करना परम आवश्यक है : कैलाशचंद्र

**जबलपुर।** भारतीय नारी विमर्श विषय पर एक विचार मंथन सत्र सरस्वती शिक्षा परिषद कार्यालय नरसिंह मंदिर में आयोजित किया गया। भारतीय नारी के विमर्श पर आयोजित इस विचार मंथन में पीपीटी द्वारा कुछ कालखंडों के माध्यम से भारतीय नारीयों की स्थितियों को लेकर प्रस्तुतियां दी गई प्रथम सत्र में श्रीमती पिंकेश लता द्वारा प्रस्तावना भूमिका प्रस्तुत करते हुए विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किये, इसी तरह विभिन्न कालखण्डों के माध्यम से भारतीय नारी के विमर्श को चित्रांकित किया। जिसमें मनीषा चौहान द्वारा वैदिक काल में स्त्री शिक्षा को लेकर विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला इसके पश्चात अश्वनी परांजपे के द्वारा मुगल काल सहित रजवाड़े में स्त्री विमर्श पर होने वाले विभिन्न पहलुओं को बताया गया, इसके साथ वंदना गेलानी ने अपने कालखंड में स्वतंत्रता पश्चात महिलाओं की क्या भूमिका बताई डॉक्टर वाणी अहलूवालिया द्वारा सोशल मीडिया पर चल रही स्त्री विमर्श की खबरों को लेकर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक



संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख कैलाशचंद्र जी ने जिज्ञासा एवं प्रश्न उत्तर कार्यक्रम में लोगों के प्रश्नों का समाधान किया। कैलाशचंद्र जी ने बताया कि यदि भारत दर्शन पर कार्य करना हो तो इसके लिए कम से कम 12 वर्ष आवश्यक हैं।उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया की वाचस्पति मिश्र ने आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ब्रह्म सूत्र पर इसी तरह टीका लिखा था, उन्होंने बताया कि यह टीका उन्होंने अपनी पत्नी भामती के नाम समर्पित किया इसलिए यह भामती टीका कहलाता है। कैलाश जी ने बताया कि ब्रह्म के दर्शन में स्त्री पुरुष एक ही तत्व है, जड़ चेतन पशु पक्षी सभी में ब्रह्म समान रूप से विराजमान है भारतीय दर्शन में स्त्री पुरुष में कोई भेद नहीं है।ढाई हजार वर्ष के आक्रमण कल में हमारे इतिहास को कलुषित किया गया जबकि भारतीय संस्कृति और समाज आदिकाल से ही बौद्धिक रूप से समृद्ध है। आधुनिक परिस्थिति में पाश्चात्य सभ्यता को लेकर कैलाश जी ने बताया की बच्चों के रहन-सहन के तरीके यह बता रहे हैं कि बच्चे पाश्चात्य संस्कृति के इंटेलेक्चुअल संपर्क में ट्रैप हो गए हैं, उन्हें इस बात का पूर्णतः सपोर्ट है समाज में नारी के सम्मान की बात हो या पश्चिमी सभ्यता को दबाने की बात,भारतीय महिला का प्रतिमान स्थापित करना इसके लिए परम आवश्यक है। देश में भारतीय महिलाओं का सम्मान आदि काल से ही रहा है, चाहे वह किसी स्वरूप में हो।

### 4 हजार से अधिक वाहनों के चालान कर वसूले 10 लाख

# बिना नंबर, बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई

**जबलपुर।** पिछले तीन दिनों में पुलिस ने चार हजार से अधिक वाहनों का चालान कर जुर्माना वसूल किया। इस दौरान पुलिस वाहन चालकों को समझाईश भी दे रही है। जिले की पुलिस व यातायात विभाग के अमले द्वारा शहर में दुर्घटनाओं और वाहन चालकों द्वारा किए जाने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पुलिस अधीक्षक (एसपी) संपत उपाध्याय के निर्देश पर शुरू किया गया है, जिसके तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग प्वाइंट बनाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान विशेष रूप से दोपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट सवार लोगों और चारपहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट लगाए चालकों को रोका जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस ऐसे चालकों के विरुद्ध तत्काल चालानी कार्रवाई कर रही है। इसके साथ ही पुलिस का फोकस उन वाहनों पर भी है जिनमें नंबर प्लेट नहीं लगी है या फिर अमानक (मानकों के अनुरूप नहीं) नंबर प्लेट लगी हुई है। अधिकारियों का मानना है कि ऐसे वाहनों का उपयोग अक्सर चेन स्नेचिंग जैसे अपराधों में किया जाता है और नंबर प्लेट न होने की स्थिति में आरोपियों का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। यातायात पुलिस आम लोगों को नियमों के पालन के लिए जागरूक भी कर रही है। नियमों का उल्लंघन कर वाहन चला रही महिलाओं को भी रोका जा रहा है और उन्हें हेलमेट पहनने की सलाह दी जा रही है। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान केवल एक सप्ताह तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आगे भी चालानी कार्रवाई जारी रखी जाएगी ताकि सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाया जा सके और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

## मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के नेतृत्व में 30 अप्रैल को निकलेगी विराट वाहन रैली

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के नेतृत्व में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विराट वाहन रैली गुलौआ चौक गढ़ा से प्रारंभ की जाएगी। इस रैली में पूरे महानगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों से शामिल होंगे महानगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी उप नगरी क्षेत्र कॉलोनी नगरों से छोटी-छोटी रेलिया निकालकर इस विराट महा रैली में सम्मिलित होगी।

**संत समाज करेगा नेतृत्व-** इस विराट वाहन रैली का नेतृत्व संत समाज करेगा । स्वामी नरसिंह दास जी महाराज स्वामी राघव देवाचार्य जी महाराज स्वामी राधे चैतन्य जी महाराज स्वामी बालमुकुंद शास्त्री जी महाराज स्वामी चैतन्यानंद जी महाराज आदि संत इस विराट रैली का नेतृत्व करेंगे। मध्य प्रदेश प्रगतिशील महिला ब्राह्मण सभा एवं सनातन धर्मी महिलाएं इस रैली में संतों के पीछे अपने वाहनों के साथ पारंपरिक वेशभूषा में भगवान परशुराम का ध्वज धारण करके चलेंगी

**30 से अधिक स्वागत मंच रैली मार्ग में रहेंगे-** रैली गुलौआ चौक से प्रारंभ होकर बी टी तिराहा छोटी बजरिया आनंद कुंज गढ़ा बाजार पंडा की मडिया शाही नाका कुरारिया मार्केट कछपुरा ब्रिज लेबर चौक रानीताल चौक मालवीय चौक होते हुए डी एन जैन कॉलेज में समाप्त होगी।

### 153 बॉटल अंग्रेजी एवं 50 पाव देशी शराब जब्त

# आईटेन कार में हो रही थी शराब की तस्करी

**जबलपुर।** गोहलपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खजरी खिरिया बायपास अमननगर अमखेरा रोड में आईटेन कार को रोककर उसकी तलाशी ली। कार के अंदर 153 बॉटल अंग्रेजी एवं 50 पाव देशी शराब एवं 2 मोबाईल जब्त किए है। अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली है। गोहलपुर थाना प्रभारी श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि कल देर रात नाकाबंदी कर खजरी खिरिया बाईपास में सफेद रंग की आई टेन कार क्रमांक एमपी 20 सीएफ 7527 में दो लडके दीपक रजक और आदित्य साहू अवैध शराब की तस्करी करते हुए पकड़े गए। कार की तलाशी लेने पर कार के पीछे व डिक्की में थैले में 5 कार्टूनो के अंदर 36 बॉटल बैगपाईपर अंग्रेजी शराब, 47 बॉटल बैगपाईपर व्हिस्की, 35 बॉटल मैगडावल रम, 35 बॉटल 8 पीएम व्हिस्की, 50 पाव देशी शराब रखी मिली। आरोपियो के कब्जे से 153 बॉटल अंग्रेजी एवं 50 पाव देशी शराब एवं 2 मोबाईल तथा आई टेन कार जप्त की गई है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



### पुलिस और नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई

# हटाए अतिक्रमण, वसूला जुर्माना



हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर शहर की यातायात व्यवस्था सुव्यस्थित एवं सुचारू बनाये रखने हेतु पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा अवैध अतिक्रमणों को हटाये जाने की कार्रवाई जारी हैं। यातायात नियमो के प्रति जागरूकता लाने हेतु यातायात पुलिस द्वारा महाराष्ट्र स्कूल में यातायात नियम तथा वाहन चालते समय हेलमेट/सीटबेल्ट लगाने व लाईसेंस सम्बंधी जानकारी दी गई। एसपी सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में शहर की यातयात व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं सुचारू बनाये रखने हेतु पुलिस तथा नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले वाहनो/आम रोड पर किये गये अतिक्रमणों को हटवाते हुये रोड के दोनों ओर खड़े किये गये हाथ ठेले, गुमटियॉ, सब्जी, फल आदि के ठेलों को हटवाया जाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा रहा है। इसके साथ ही व्यापारियों के द्वारा आम रोड तक फैलाई गई सामग्री को अंदर करवाते हुये मार्ग को यातायात के सुचारू संचालन योग्य बनाया जा रहा है। सभी दुकानदारों को समझाईश दी जा रही है कि दुकान के सामने सामग्री न फैला कर रखे तथा हाथ ठेला न लगने दिया जाए। एएसपी यातायात जबलपुर श्रीमती सोनाली दुबे के निर्देशन में प्रभारी यातायात मालवीय चौक शिवदयाल सनोडिया, थाना प्रभारी यातायात गढ़ा, थाना प्रभारी यातायात घमापुर श्रीमती इन्द्ररा ठाकुर एवं नगर निगम जबलपुर द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया एवं यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के खिलाफ की गई।

### इन क्षेत्रों में हुई कार्रवाई

इस कार्रवाई के अंतर्गत शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र मालवीय चौक से लेकर बडे महावीर, तुलाराम चैक से बड़ा फुहारा पांडे चौक बलदेवबाग, गंजीपुरा, करमचंद चैक, छोटी लाईन फाटक, गोरखपुर बाजार, त्रिपुरी चौक, सदर बाजार, रांझी बाजार, घमापुर चौक आदि क्षेत्र के आसपास अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई जिसमें यातायात में बाधक ठेले/टपरे /गुमटियों को मौके से हटवाया एवं यातायात व्यवस्थित करवाया गया। कार्रवाई के दौरान लगातार माईक से एनाउंसमेंट कर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की गई एवं सभी दुकानदारों को समझाईश दी गई कि आम रोड पर अतिक्रमण कर अपना व्यवसाय न करें इसके साथ ही वनवे का पालन करवाया गया।

### 300 चालान में वसूले 1 लाख

यातायात नियमो के प्रति जागरूकता लाने हेतू यातायात पुलिस द्वारा महाराष्ट्र स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्कूली स्टाफ को यातायात नियम तथा वाहन चलाते समय हेलमेट/सीटबेल्ट लगाने व लाईसेंस इत्यादि की जानकारी दी गई। शुक्रवार को यातायात पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत लगभग 300 चालान कर 1 लाख 9 हजार 3 सौ रुपए का समन शुल्क वसूला गया। वाहन चालक एवं व्यवसायियों से अपील की गई कि चालानी/अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की असुविधा से बचे व यातायात को व्यवस्थित करने में यातायात पुलिस को सहयोग प्रदान करें। उक्त कार्रवाई यातायात पुलिस द्वारा शहर के सभी मार्गो/चौराहों/तिराहों में निरंतर जारी रहेगी।

## कच्ची शराब की तस्करी में नाबालिग सहित युवक गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोराबाजार पुलिस ने जैतपुरी रोड़ ढलई के पास स्कूटी में अवैध शराब लेकर जा रहे एक नाबालिग और एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब और स्कूटी जब्त की है। गोराबाजार थाना प्रभारी रमन सिंह मरकाम ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर जैतपुरी रोड ढलई के पास स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसपी 9050 से अवैध शराब लेकर भीटा की ओर से गोराबाजार तरफ आ रहे 17 वर्षीय स्कूटी चालक नाबालिग और भूरी बाई का बगीचा गोराबजार निवासी 21 वर्षीय रोशन कोरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब तथा स्कूटी जब्त करते हुये धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### रांझी और माढ़ोताल में चाकू व ईंट से हमला

# मारपीट की वारदातों में वृद्ध सहित 2 घायल

**जबलपुर।** रांझी और माढ़ोताल थाना क्षेत्रों में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने मिलकर एक वृद्ध और दो युवकों के साथ मारपीट कर चाकू व ईट के टुकड़े से हमलाकर जान से मारने की धमकी दी। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिनगर निवासी 60 वर्षीय चौकीदार भारत सोनी गत रात लगभग 10 बजे घर पर था, तभी मोहल्ले का राजेश कोरी उसे आवाज लगाकर घर के बाहर बुलाया, जब वह बाहर निकला तो राजेश कोरी उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलोज करते हुये चाकू से उसके गाल एवं कान के पास चोटे पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी।

इसी तरह माढ़ोताल नीमखेड़ा गौर बरेला निवासी 38 वर्षीय बेल्डिंग दुकान संचालक कपिल पटेल गत दिवस मामा अशोक कुमार पटैल के बेटे वैभव पटैल की शादी में अपने परिवार तथा साले अविनाश पटैल के साथ कार से शामिल होने आया था जैसे ही कार को राशन दुकान के पीछे मामा अशोक कुमार के घर के पास रात लगभग 8.30 बजे खड़ी करके उतरने लगा, तभी दो अज्ञात लड़के आये और यहां कार क्यों खड़ी कर रहे हो कहते हुए कार खड़ी करने के एवज में शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगे। मना करने पर गाली गलौज करते हुये दोनों ने ईंट के टुकड़े से उसकी कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 3718 के पीछे का कांच तोड़ दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। बीच बचाव के दौरान राजेन्द्र पटैल के सिर में चोट आ गयी। वहां



उपस्थित लोगों ने दोनों लड़के के नाम आकाश उर्फ अक्कू एवं गोलू बताये हैं।

वहीं रांझी मानेगांव केशरी नगर निवासी 29 वर्षीय पान दुकान संचालक शुभम काछी गत रात लगभग 10.30 बजे बड़ा पत्थर स्थित अपनी पान दुकान बंद कर घर जा रहा था, तभी रास्ते में लखेरा बारात घर के पास राकेश चौधरी शराब पीने के लिए 500 रूपये की मांग करने लगा, रूपये देने से मना करने पर गाली गलौच व मारपीट कर धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया, जिससे पैर, माथे तथा भौंह में चोटे आ गई उसके बाद आरोपी ने उसकी मोटर सायकिल सुपर स्पलेण्डर क्रमांक एमपी 20 एमजेड 7294 मे तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 119(1), 351(2), 324(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## खबर संक्षेप

### डॉ. हरिशंकर चंदेल को मिला साउथ कोरिया में अवार्ड



**जबलपुर।** साउथ कोरिया में अवार्ड विजेता डॉ. हरिशंकर चंदेल ने जानकारी दी कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैंने सियोल, दक्षिण कोरिया में आयोजित टीसीटीएपी 2025 इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में से एक में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतकर्ता का पुरस्कार जीता है।

### भगवान परशुराम वंशज 29 को निकालेंगे भव्य शोभायात्रा

**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पूर्व 29 अप्रेल को भगवान परशुराम वंशज द्वारा दिव्य एवं भव्य विराट शोभायात्रा मालवीय चौक से निकाली जाएगी। शोभायात्रा को भव्य एवं दिव्य बनाने गढ़ाफाटक, गंगानगर गुजराती कालोनी, ग्वारीघाट रामलला मंदिर, घमापुर थाना हनुमान मंदिर कांचघर आदि में बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें समापन स्थल से दोपहिया, चार पहिया वाहन, ई-रिक्शा इंतजाम के साथ भोग भंडारे की व्यवस्था का निर्णय ब्राह्मण एकता मंच द्वारा लिया गया।

### आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च आज

**जबलपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या, अमानवीय कृत्य के विरोध में 27 अप्रेल को शाम 05 बजे बहरोबाग से रद्दी चौकी तक मुस्लिम समुदाय द्वारा कैंडल मार्च निकाला जाएगा एवं आतंकियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की अपील की जाएगी। तत्पश्चात पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

### स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 28,29 से

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी/बीकॉम प्रथम एवं द्वितीय वर्ष नियमित स्वाध्यायी विद्यार्थियों की परीक्षाएं 28 एवं 29 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो रही हैं। डॉ अजय कुमार कोष्ठा परीक्षा समन्वयक द्वारा बताया गया कि विश्वविद्यालय की परीक्षाएं संशोधित समय सारणी के अनुसार प्रातः 07 से 10 बजे निर्धारित की गई है।

### तक्षशिला इंजी. कॉलेज में कम्प्यूटर पर दो दिनी कार्यशाला संपन्न

**जबलपुर।** शहर के अग्रणी महाविद्यालय तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज में कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग पर सभी ब्रांचों के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए दो दिवसीय कार्यशाला प्रशिक्षक विभागाध्यक्ष डॉ. शोभित वर्मा एवं मनीष दुबे के सान्निध्य में संपन्न हुई। इस कार्यशाला में प्रशिक्षक मनीष दुबे ने दो दिवसीय कार्यशाला में छात्रों को ऑपरेटिंग सिस्टम, विंडो इंस्टॉलेशन, नेटवर्किंग एवं हार्डवेयर पीसी कंट्रोल एवं बेसिक सर्किट डिजाइनिंग पर प्रायोगिक, हार्डवेयर, साफ्टवेयर आधारित प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन आरएन पहारिया ने अपने उदबोधन में कहा कि ऐसी कार्यशाला आयोजित होने से छात्रों को बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा में तकनीकी एवं प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त होता है।

## पहलगाम में आतंकी हमले से शहर में गुस्सा

# कैंडल मार्च निकाला, पाकिस्तान का पुतला दहन, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**हरिभूमि जबलपुर।**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घटना को लेकर शहर के आक्रोश व्याप्त है। गुस्से में उबल रहा शहर रोजाना जहां पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला जला रहा है वहीं आतंकी हमले में हुए शहीद लोगों को श्रद्धांजलि दी जा रही हैं। शनिवार को दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के आव्हान पर नगर के सभी जैन सोशल ग्रुपों ने लार्डगंज थाने से लेकर मालवीय चौक तक कैंडल मार्च निकाला और अपनी संवेदनाएं व्यक्त की, तो वही जीसीएफ यूनियनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने छोटी लाईन फाटक में आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला जलाया।

### मोटर्स पार्ट्स वेलफेयर ने श्रद्धांजलि अर्पित की



मोटर्स पार्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा जम्मू कश्मीर पहलगाम घटना के विरोध में लगभग 100 से अधिक व्यापारियों द्वारा कैंडल मार्च निकालकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम अवतार शारदा, राजेंद्र छब्बरा, सतपाल गुलाटी, देवेन्द्र भाटिया, ओपी पचौरी, मनिंदर कोहली, जोगेश भाटिया, डॉ. जय रोहाणी, दिलीप वर्मा, अरविंदर बग्गा, प्रमोद गुलाटी, एवं बड़ी संख्या में एसोसिएशन सदस्य, क्षेत्रीयजनों की उपस्थिति थी।

### तोप गाड़ी यूनियनों ने दी श्रद्धांजलि



तोप गाड़ी निर्माणी के समस्त यूनियनों द्वारा पहलगाम में शहीद हुए वीर सपूतों को शनिवार की सुबह 9:30 बजे चाय काल के समय निर्माणी के औद्योगिक कैंटीन में श्रद्धांजलि दी एवं 2 मिनट का मौन धारण किया। इस अवसर पर श्रमिक संघ मिले हाथ के महामंत्री राकेश हथौड़ा के सचिव जेसीएम काउंसिल उत्तम विश्वास राजा पांडे बीरबल सिंह देवेंद्र प्रताप सिंह रितेश बैन राजेश कुमार भारती आशीष विश्वकर्मा अमरेश सैकत बनर्जी आदि उपस्थित रहे।

### भारत रक्षा मंच ने ज्ञापन सौंपा

भारत रक्षा मंच महाकौशल प्रांत द्वारा इस कायराना हमले की घोर निंदा करते हुए महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर जम्मू कश्मीर से आतंकवाद की जड़ों को समूल नष्ट कर लोगों की जानमाल की सुरक्षा हेतु समुचित कदम उठाए जाने की मांग की गई है। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री व मध्यक्षेत्र संगठन प्रमुख डॉ. एच. पी. तिवारी, महाकौशल प्रांत के सह संगठन मंत्री जीवेश पांडे, एड.गोविंद विश्वकर्मा, आदि उपस्थित थे।



## ममता बैनर्जी के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध और आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन

**जबलपुर।** जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा मालवीय चौक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विरुद्ध में प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। जिसमें ममता बनर्जी की चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध के साथ-साथ तृणमूल कांग्रेस पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग की गई क्योंकि कई वर्षों से पश्चिम बंगाल में हिंदुओं का नरसंहार, मंदिरों में तोड़फोड़ लूट पात, बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं लेकिन इन सब के बाद भी दोषियों पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के द्वारा कोई भी कठोर कार्रवाई नहीं की जा रही है और इसके विपरीत बांग्लादेशी और मुसलमानों को शरण देकर देशविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है,इसी प्रकार पहलगाम में धर्म पूछ कर गोली मारने के विरुद्ध पाकिस्तानी और बांग्लादेशियों को देश से बाहर खदेड़ने की मांग की गई और जागो हिन्दुओं जागो, इस्लामिक आतंकवाद मुर्दाबाद, देश के गद्दारों को जूते मारो सालो को इत्यादि नारेबाजी की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी, आशीष विश्वकर्मा, रोशन गौतेल, हिमांशु त्रिपाठी, सोनू सतनामी, राजकुमार चौहान, रविता विश्वकर्मा, नेहा सोंधिया, राजीव राय,इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती



**जबलपुर।** युवा सेन समाज एसोसियेशन जबलपुर द्वारा 25 अप्रैल को सायं 6 बजे वृन्दावन गार्डन, शास्त्री नगर, लम्हेटाघाट मोड़ जबलपुर में एड. आदेश श्रीवास के संयोजन में संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 725वीं जयंती के अवसर पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनकी महाआरती कर मिष्ठान्न, फल आदि वितरित किया गया। इस पर अवसर समाज के वरिष्ठजनों का श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया व अतः में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही युवा सेन समाज मेडिकल द्वारा सेन जयंती का आयोजन हुआ, जिसमें एडवोकेट आदेश श्रीवास द्वारा सर्वप्रथम पहलगाम में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई, इसके उपरांत संत शिरोमणि सेन महाराज की महाआरती एवं वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर एड. आदेश श्रीवास, रॉकी सेन, गोलू सेन, हरीश सेन, मुकेश सेन, अखिलेश सेन, सोनू सेन, आशीष सेन, दुर्गा प्रसाद श्रीवास, पी.एल. सेन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बड़े बुजुर्ग, महिला पुरूष एवं युवक, युवतियों के साथ-साथ गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## एपीएन सीबीएसई में छात्रों के अध्ययन संबंधी आयोजित किया प्रशिक्षण शिविर



**जबलपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार एपीएन सीबीएसई सीनियर सेकण्डरी स्कूल जबलपुर केंट में विद्यार्थियों को अध्ययन कैसे कराएं जिससे कि उन्हें शिक्षा में रुचि पैदा हो और वह विषय के प्रति लगाव से अध्ययन कर सकें। श्रीमती शीतल सिंह परिहार प्राचार्य रोशन धुर्रेलिया वर्ल्ड स्कूल नरसिंहपुर एवं परमिता करमाकर प्राचार्य माउण्ट लिट्रा स्कूल जबलपुर से उपस्थित व्याख्याता के रूप में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में व्याख्यान के माध्यम से शहर की विभिन्न शालाओं से आईं शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया। दोनों वक्ताओं ने उपस्थित शिक्षिकाओं को बताया कि विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे पेपर कटिंग, एक्ट, चार्ट जैसे माध्यमों से पढ़ाना चाहिए जिससे उनका पूरा ध्यान विषय पर केन्द्रित रहे, विषय का पूर्ण ज्ञान उन्हें प्राप्त हो सके। कार्यक्रम का प्रारंभ संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ किया गया। प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से संस्था प्रबंधक तुलसीदास द्रविड़, सह प्रबंधक मयंक श्रीवास्तव, सीबीएसई प्राचार्य मुकेश चौरसिया, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय कुमार वर्मा, जतिन कोहली, शर्मिला चक्रवर्ती सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### वक्फ मोमिन ईदगाह में हज प्रशिक्षण शिविर आज से

**जबलपुर।** मोमिन ईदगाह गोहलपुर द्वारा हर साल की तरह इस साल भी हज यात्रियों के लिए एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर 27 रविवार, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मोमिन ईदगाह गोहलपुर, जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में हज व उमरा का तरीका, उनके फजाईल व मसाईल, सफर-ए-हज की तैयारी और जियारत-ए-मदीना शरीफ के आदाब और तरीके आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली ग्वालियर में 28 को




**जबलपुर।** शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी दी कि कांग्रेस पार्टी संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है। मध्यप्रदेश में संविधान बचाओ अभियान के तहत एक ऐतिहासिक और अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम के साथ ही अन्य जनजागरण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिसके अंतर्गत मध्यप्रदेश के ग्वालियर में 28 अप्रेल को जय बापू, जय भीम, जय संविधान के उद्घोष के साथ ऐतिहासिक और विशाल संविधान बचाओ रैली आयोजित की जाएगी, जो संविधान की रक्षा और लोकतंत्र को बचाने के लिए मध्यप्रदेश का सबसे महत्वपूर्ण कदम होगी। बताया गया कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी संवैधानिक मूल्यों, धर्मनिरपेक्षता, समानता, स्वतंत्रता और न्याय की लड़ाई लड़ रही है। यह रैली बीजेपी की तानाशाही और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक शक्तिशाली जवाब होगी। हम मध्यप्रदेशवासियों से अपील करते हैं कि 28 अप्रेल को ग्वालियर पहुंचकर इस रैली में शामिल हों।

## परीक्षा के अंतिम दिन बी.सी.ए. प्रथम वर्ष (एन.ई.पी.) का परीक्षा परिणाम घोषित

# सुबह परीक्षा और शाम को परिणाम घोषित



**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा बी.सी.ए. प्रथम वर्ष 2024-25 (एन.ई.पी.) का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उल्लेखनीय है कि बी.सी.ए. प्रथम वर्ष 2024-25 (एन.ई.पी.) के अंतिम प्रश्न पत्र की परीक्षा 25.04.2025 को ही प्रातः पाली में समाप्त हुई है जिसमें कुल 451 परीक्षार्थी में से 357 उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम लगभग 79 प्रतिशत रहा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी विश्वविद्यालय द्वारा 05 परीक्षा परिणाम परीक्षा के अंतिम दिन घोषित किए गए थे एवं 03 परीक्षा परिणाम परीक्षा समाप्ति के दूसरे दिन घोषित किए गए थे। कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा द्वारा परीक्षा प्रारंभ होने के दिन से ही परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य की सतत निगरानी और मार्गदर्शन से यह संभव हो रहा है। विश्वविद्यालय अन्य परीक्षाओं को भी शीघ्र सम्पन्न कर अपने ध्येय वाक्य 'समय पर परीक्षा, समय पर परिणाम' को सार्थक करने का अथक प्रयास कर रहा है। कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने पुनः प्रसन्नता व्यक्त करते हुए परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य में संलग्न पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. आर.के. बघेल, संकायाध्यक्ष गणितीय विज्ञान संकाय प्रो. जे.के. मैत्रा, डॉ. सिमी सैमुअल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि टंडन, प्रभारी उपकुलसचिव अभयकांत मिश्रा, सहायक कुलसचिव ज्योति खराड़ी, राम प्रताप वर्मा, प्रवीण जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## एपी नर्मदा महाविद्यालय में निःशुल्क दंत शिविर संपन्न






**जबलपुर।** एपी नर्मदा महाविद्यालय में 26 अप्रेल को आईडीए द्वारा निःशुल्क दंत शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जबलपुर ब्रांच के आईडीए अध्यक्ष डॉ. अंशुल गुलाटी एवं डॉ. अविनाश घोष और उनकी टीम द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकगणों एवं समस्त कर्मचारियों का दंत परीक्षण किया गया। डॉ. गुलाटी द्वारा सभी को दंत स्वास्थ्य हेतु मार्गदर्शित किया गया। साथ ही दंत चिकित्सा के लिए विभिन्न टिप्स भी प्रदान किए गए। इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एपी नर्मदा ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के चेयरमेन सर्वेश्वर चमन श्रीवास्तव के तत्वावधान में किया गया। महाविद्यालय के लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधक तुलसीदास द्रविड़, रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, संस्था सह प्रबंधक मयंक श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ. सोनल खरे ने इस आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया।

## अप्लास्टिक एनीमिया अत्यंत गंभीर बीमारी

**जबलपुर।** जब लोग एनीमिया सुनते हैं, तो अक्सर यही मान लेते हैं कि यह सिर्फ आयरन अथवा विटामिन की कमी से जुड़ी समस्या है। लेकिन अप्लास्टिक एनीमिया बिलकुल अलग और अत्यधिक ज़्यादा गंभीर बीमारी है, जिसमें शरीर के बोन मैरो खून बनाना बंद कर देते है साथ ही उनका बोन मैरो रक्त कणिकाओं को मार भी डालता है। जिसके कारण यह स्थिति इतनी गंभीर होती है कि समय पर इलाज न हो तो मरीज़ की जान तक जा सकती है। यह कहना है केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य एवं मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विवि में होम्योपैथी संकाय के अंतर्गत बोर्ड ऑफ स्टडी के सदस्य डॉ. एके द्विवेदी का। डॉ. द्विवेदी कहते हैं कि इसकी एटीजी दवाएँ महंगी होती हैं, इलाज लंबा चलता है और कई बार तो बोनमैरो ट्रांसप्लांट की ज़रूरत पड़ती है। होम्योपैथी दवा, अप्लास्टिक एनीमिया के इलाज में काफी कारगर साबित हो रही है। डॉ एके द्विवेदी द्वारा की जा रही होम्योपैथी चिकित्सा से असाध्य मानी जाने वाली बीमारी अप्लास्टिक एनीमिया के अनेक मरीजों को जीवनदान मिला है।

## बौद्धिक संपदा दिवस पर व्याख्यान आयोजित



**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा बौद्धिक संपदा दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस आयोजन का विषय था: आईपी एंड म्यूजिक,फील द बीट ऑफ आईपी। कार्यक्रम के प्रारंभ में रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुनु आर.के.मैथ्यू द्वारा बौद्धिक संपदा का अर्थ एवं उससे जुड़े अधिकारों के महत्व के बारे में विचार साझा किए गए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ संदीप कुर्मी सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र तथा डॉ राहुल कुमार शर्मा, सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र उपस्थित थे। डॉ कुर्मी ने बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रकार,पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। डॉ राहुल कुमार शर्मा ने विज्ञान के क्षेत्र में बौद्धिक संपदा अधिकार की उपयोगिता तथा रिसर्च में प्लेगेरिज्म से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों के मध्य साझा की। रसायन शास्त्र एवं अर्थशास्त्र के स्मातकोत्तर छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी।

## निधन

**श्री गोल्डी खन्ना-** एपीआर कॉलोनी कटंगा निवासी श्री वीरेंद्र सिंह खन्ना के पुत्र श्री गोल्डी खन्ना (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**सुश्री प्रेमकुमारी चौधरी-** गोकुलधाम कॉलोनी न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री दुलीचंद चौधरी की पुत्री सुश्री प्रेमकुमारी चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक कुमार साहू-** माढ़ोताल चुंगी नाका निवासी श्री राजकुमार साहू के पुत्र श्री दीपक कुमार साहू (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दीनदयाल पाराशर-** कालीमठ सुदामानगर मदनमहल निवासी श्री दीनदयाल पाराशर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**नीरज नेचलानी-** द्वारका नगर नारायण चौक के पास निवासी श्री धीरज नेचलानी के पुत्र नीरज नेचलानी (14) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जसवीर सिंह मैनी-** रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री जसवीर सिंह मैनी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुभाष चंद्र सोनकर-** भरतीपुर छोटी खेरमाई निवासी श्री सुभाष चंद्र सोनकर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश कोरी-** आजाद चौक गोरखपुर कोरी मोहल्ला निवासी श्री रमेश कोरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय सेन-** फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री संजय सेन (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8X4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8X4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10X8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## पहलागांव हमले के विरोध में किया पुतला दहन



**पाटन।** जम्मू कश्मीर के पहलागांव में हुए हमले को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा पाकिस्तान का पुतला दहन किया एवं हिंदू समाज के लोगों के द्वारा की गई नारेबाजी की गई एवं दिव्यांगता आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता पाटन प्रखंड अध्यक्ष दिलीप श्रीवास राजा ठाकुर दीपक कोस्टा वैभव व्यास कृष्ण शेखर सिंह नगर परिषद के उपाध्यक्ष देव कुमार यादव आदित्य नामदेव एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नाम सुधार सूचना

में सर्वेश पटेल पिता दिलीप पटेल निवासी 104, शिवाजी नगर, माढ़ोताल लमटी जबलपुर जिला जबलपुर का निम्न कथन करता है, कि- 1. यह कि में उक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2 यह कि मेरे दस्तावेजों में मेरा नाम Sarvesh Patel पिता श्री Dilip Patel लिखा है।
3. यह कि मेरी अंक सूची मार्कशीट में मेरा नाम Sarvesh Kumar Patel पिता श्री Dilip Kumar Patel लिखा है।
4. यह कि मुझे Sarvesh Patel पिता श्री Dilip Patel के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा जाये।
5. यह कि पूर्व नाम -Sarvesh Kumar Patel पिता श्री Dilip Kumar Patel लिखा है।
6. यह कि मेरा परिवर्तित नाम Sarvesh Patel पिता श्री Dilip Patel है।

## खबर संक्षेप

### पठरा के जंगल में पलट पिकअप, मौके पर पहुंची पुलिस

**कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत पठरा के जंगल में एक पिकअप वाहन पलट गया। पुलिस थाना प्रभारी केके पटेल जब स्टाफ को लेकर क्षेत्र के भ्रमण पर निकले थे तो पिकअप वाहन पलटा देखा और स्थानीय लोगों एवं वाहन चालकों की मदद से पलटे हुए वाहन को सीधा कराया। घटना में हालांकि किसी को चोटें नहीं आई थी, लेकिन वाहन में लोड परचून का सामान पूरी सड़क पर फैल गया था। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया कि गत रात लगभग 9:30 बजे जब नाइट गस्त पर टीम के साथ भ्रमण पर थे उसी दौरान ग्राम पठरा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर परचून लोड एक पिकअप वाहन पलटा था। घटना में किसी को चोट तो नहीं आई थी, लेकिन वाहन में लोड पूरा परचून का सामान सड़क पर फैल गया था और चालक एवं उसके साथी वहीं मौजूद थे। तत्काल राहगीरों एवं स्थानीय लोगों के अलावा वाहन चालकों की मदद से सड़क पर पलटे वाहन को सीधा कराया गया। वाहन पलटने के कारण आवागमन में असुविधा हो रही थी, तत्काल वाहन को सीधा कराया गया एवं सड़क पर फैले सामान को किनारे हटवाकर खुलवाया गया।

### अजय बहादुर सिंह हुए पदोन्नत, बने डीएसपी

**कटनी।** कोतवाली थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह को पुलिस मुख्यालय द्वारा पदोन्नत कर दिया गया है। अजय बहादुर सिंह को विभाग द्वारा उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) बना दिया गया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा अजय बहादुर सिंह को कोतवाली थाने का प्रभार सौंपा गया था। पदभार ग्रहण करने के चंद दिनों बाद ही पदोन्नति हो गई।

### लापता बालिका को पुलिस ने किया दस्तयाब

**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने एक लापता बालिका को दस्तयाब कर सुरक्षित उसके परिवार वालों के सुपुर्द किया। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बेटी अचानक बिना बताए कहीं चली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस ने गुणसूत्र की दर्ज करते हुए लापता की तलाश शुरू की। तलाश करते हुए विभिन्न संभावित स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। तकनीकी और स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना बाकल पुलिस टीम ने जिला दमोह से गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद किया। महिला को उनके परिवार से मिला दिया गया है और वे स्वस्थ हैं। गुमशुदा के परिजनो ने त्वरित सफलता के लिए पुलिस टीम के प्रयासों की सराहना की है। कार्यवाही में थाना प्रभारी उप.निरी. प्रतीक्षा सिंह चंदेल, प्रआर नकुल पटेल, प्रआर शिवसिंह, आर. इन्द्रभान मर्सकोले, म.आर. रोशनी लोधी की विशेष भूमिका रही।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने 30 अप्रैल तक कर सकेंगे स्लॉट बुकिंग

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए रबी उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य 5 मई तक समस्त कार्य दिवसों में (रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर) किया जाना है। कृषक द्वारा उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर की जा सकेगी एवं स्लॉट की वैधता अवधि 07 कार्य दिवस का प्रावधान किया गया है। जिले के समस्त कृषक बन्धुओं से अपील की गई है कि वह अपने गेहूँ के स्लॉट की बुकिंग 30 अप्रैल तक कर सकते हैं। जिले में कुल 9 लाख 47 हजार 99 हितग्राहियों में से मात्र 7 लाख 53 हजार 966 हितग्राहियों द्वारा ई-केवाईसी की गई है। जो कि 79.61 प्रतिशत है। जिले में अभी भी 1 लाख 93 हजार 133 हितग्राहियों की ई-केवाईसी किया जाना शेष है। जिन हितग्रहियों द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराई गई है, ऐसे हितग्राहियों से अपील की गई है कि वह अपनी नजदीकी राशन दुकान में जाकर 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी करवा लें। ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले हितग्राहियों का राशन आगामी माह में बंद होने की संभावना है।

---

### नियम का सख्ती से पालन नहीं करने से कागजों तक ही सीमित है प्रयास

# भूमिगत का हो रहा अंधाधुंध दोहन, रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर उदासीनता

शहर सहित ग्रामीण अंचलों में साल दर साल भूमिगत जलस्तर में गिरावट के चलते पेयजल संकट का सामना नागरिकों को करना पड़ रहा है। जुगाड़ू प्रयासों से इस समस्या से निबटने के प्रयास तो किये जाते हैं लेकिन ये प्रयास स्थायी समाधान नहीं हो पाते। गर्मियों में लोगों को जरूरत के हिसाब से भी पानी नहीं मिल पाता। भीषण गर्मियों तक लोगों को पेयजल के लिए यहां वहां भटकना ही पड़ता है। टेंकरों के माध्यम से प्रशासनिक स्तर पर इस समस्या का समाधान करने प्रयास भले ही किये जाते हैं लेकिन जिस तरह से जलस्तर गिर रहा है आगामी सालों में स्थिति भयावह होगी।




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नियमों के अनुसार शहर में मापदंडों के अनुसार घरों व शासकीय कार्यालय में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम होना चाहिए। जो भी नए भवन बनते हैं उनकी अनुमति लेने पर रूफ वॉटर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने की सिक्योरिटी भी जमा कराई जाती है लेकिन अनुमति मिलने के बाद शायद ही कोई भवन मालिक वॉटर हार्वेस्टिंग करने का सिस्टम है।

#### क्या है रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम यानि बारिश के दिनों में छतों पर एकत्रित होने वाले पानी को जमीन में भेजने के लिए जो संरचना बनाई जाती है। उसे रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कहा जाता है। इसके तहत एक जमीन में एक बोर कराया जाता है। बोर के ऊपर रेत व गिट्टी की लेयर बनाई जाती है। जिसमें छतों का पानी पहुंचता है और छन कर जमीन के अंदर चला जाता है।

#### ये है नियम

गौरतलब है कि 140 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल में भवन का निर्माण करने पर रूफ हार्वेस्टिग के प्रावधानों का पालन करना जरूरी है। मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम की धारा 74/4 के अनुसार भवन निर्माण में हार्वेस्टिम का प्रावधान किया गया है। भवनों का नक्शा पास होते समय भूस्वामियों से हार्वेस्टिग के लिये क्षेत्रफल के हिसाब से धरोहर राशि जमा करा ली जाती है। भवन निर्माण के दौरान हार्वेस्टिग सिस्टम का पालन कराने वाले भूस्वामियों को धरोहर राशि वापस कर दी जाती है।

#### अंधाधुध जलदोहन से खतरा

गौरतलब है कि पहले की अपेक्षा अब भूजल दोहन बढ़ा है। सबसे ज्यादा निर्माण कार्यो में जल का उपयोग हो रहा है जबकि दीगर क्षेत्रो में भी दुरूपयोग कम नही है। इतना सब होने के बावजूद न तो आम आदमी जलसंरक्षण के प्रति सचेत है और न ही प्रशासन की ओर से ठोस प्रयास किये जा रहे है। ये सारे प्रयास केवल कागजी प्रयासो तक ही सीमित है। यदि शासन की मंशानुसार रूफ हास्वेस्टिग सिस्टम का पालन सुनिष्चित किया जाये तो वास्तव में तेजी से गिरते जलस्तर पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा सकता है लेकिन इस दिशा में कही से कोई ठोस प्रयास नही किये जा रहे है।

जल गंगा अभियान के तहत लोगों को वर्षा जल सहेजने के लिए प्रेरित तो किया जा रहा है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा नियमों का स्वयं ही पालन नहीं किया जा रहा है।

---



# फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बीते वर्ष 2024 में थाना कुठला में मृतिका श्रीमति शशि सेन पति मुरलीधर सेन 40 साल निवासी गली नंबर 4 सत्संनगर थाना कुठला ने अपने घर में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जाँच में यह सामने आया की सोनू विश्वकर्मा, सौरभ चौधरी, अम्बर सिंह एवं गोलू उर्फ भोलू उर्फ पुरुषोत्तम पाठक के द्वारा मृतिका शशि सेन को आत्महत्या के लिए प्रेरित किया गया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी गोलू उर्फ भोलू उर्फ पुरुषोत्तम पाठक पिता स्व0 रविशंकर पाठक 24 साल निवासी पन्ना मोड़ एयरटेल टावर के पास थाना कुठला को गिरफ्तार किया गया, लेकिन मामले के अन्य आरोपी फरार थे। जिनकी तलाश लगातार की जा रही थी। गत 24 अप्रैल को आरोपी सोनू विश्वकर्मा पिता नरेश विश्वकर्मा 27 वर्ष निवासी गटागट फैक्ट्री के पीछे तिलक कालेज रोड थाना एनकेजे एवं सौरभ चौधरी पिता जगदीश चौधरी 25 वर्ष निवासी दुर्गा चौक बड़ी खिरहनी वैष्णव माता मंदिर के पास थाना एनकेजे जिला कटनी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र व उनकी टीम उप निरीक्षक विनोद सिंह, सहायक उप निरीक्षक तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक नन्दकिशोर अहिरवार, राहुल सिंह, आरक्षक विजय प्रजापति, अजय पाठक व अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है।

---

*शहर के कोतवाली तिराहे में सज गई हैं खस की दुकानें*

# गर्मियों में ठंडी ठंडी हवा के लिए कूलरों की पूछ परख, खस की बिक्री भी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भीषण गर्मियों के मौसम में ठंडी ठंडी हवा के लिए कूलर का उपयोग हर तबके के लोग करते हैं। मौजूदा समय में पड़ रही तेज गर्मी से लोग खासे परेशान है। कूलरों की मांग भी बढ़ गई है साथ ही कूलरों में लगने वाली खस की पूछपरख तेज हो गई है। नगर के कोतवाली तिराहा के अलावा अन्य स्थानों में भी कूलर खस की दुकाने सजने लगी है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में नए कूलर व पुराने कूलर के पार्ट्स व खस की बिक्री बढ़ गई है।

#### फुटपाथ दुकान में भीड़

इन दिनों पुराने कूलर की मरम्मत का कार्य अधिकांश घरों में किया जा रहा है। कूलर में खस और उड़न की नई पट्टी लगवाने का कार्य भी शुरू हो गया। शहर के विभिन्न स्थानों में खस बेच रहे कारीगरों के पास लोग इसे खरीदने व कूलर की खस लगवाने पहुंच रहे हैं। इन दिनों दिन का तापमान बढ़ गया है। घर के अंदर और बाहर उमस भरी गर्मी से सभी परेशान हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए घरों में रखे पुराने कूलरों की मरम्मत शुरू हो गई है।

तेज गर्मी का असर बाजार पर भी दिखने लगा है। लोग गर्मी से बचने के लिए कूलर, एसी का सहारा ले रहे हैं। लोग पुराने कूलर की मरम्मत व खस बदलने के लिए कारीगरों के पास पहुंचने लगे हैं। इससे बाजार में खस की मांग बढ़ गई है। नगर के कोतवाली तिराहा, बरही रोड सहित अन्य स्थानों पर खस बनाने वाले कारीगरों के पास ये सामान बिक रहे हैं।

धूप की तपिश से दोपहर होते ही सड़कें सूनी होने लगती है। बाजार में गर्मी से राहत दिलाने वाले कूलर, एसी व खस की पूछपरख बढ़ गई है। धूप की तपिश बढ़ने लगी है, हालांकि अभी बीच बीच में आसमान में बादल दिख रहे हैं लेकिन गर्मी से बचने के लिए कूलर, एसी का सहारा ले रहे हैं। बाजार में खस 200 रुपए लेकर 250 रुपये तक में बिक रहे हैं।

---

### पक्षियों के लिए दाना पानी रखने सकोरे किये वितरित




लघु उद्योग भारती के 32वे स्थापना दिवस के उपलक्ष पर जिला कटनी इकाई के द्वारा उद्यमिता विकास एवं वरिष्ठ उद्यमी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कटनी इकाई के द्वारा उद्यमिता विकास के सापेक्ष कॉलेज विद्यार्थियों को औद्योगिक परिसर भ्रमण करवा कर के उद्योग से संबंधित विभिन्न जानकारियां को साझा किया गया एवं उत्पाद निर्माण कार्य किस प्रकार किया जाता है, इस विषय को भी विद्यार्थियों के बीच रखा गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों के लिए पानी एवं अनाज की व्यवस्था हेतु सकोरो का वितरण उद्यमियों को किया गया। कटनी जिला लमतरा इकाई के सक्रिय सदस्य वैभव अग्रवाल के औद्योगिक परिषर ₹तपस्या कैल्सीनेशन एण्ड मिनरल्सर₹ पर विद्यार्थियों के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

# 30 अप्रैल तक पात्र परिवारों के ई-केवायसी पूर्ण कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 अंतर्गत सम्मिलित जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकानों के पात्र परिवारों के 30 अप्रैल, 2025 तक शतप्रतिशत हितग्राहियों के ई-केवायसी पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराई गई है। उन्हें विशेष अभियान के तहत घर-घर जाकर परिवारों की ई-केवायसी पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया हैं। शासन द्वारा ई-केवायसी के लिए ष्मेरा ई-केवायसीष एप जारी किया गया हैं, जिसके माध्यम से हितग्राही अपना स्वयं एवं अपने व अन्य किसी परिवार के सदस्यो का ई-केवायसी कर सकते हैं। आपूर्ति विभाग द्वारा ष्मेरा ईकेवायसीष एप डाउनलोड करने के लिए लिंक दी गई है।

#### कैसे होगी ईकेवायसी

उक्त दोनो लिंक के माध्यम से एण्ड्राईड मोबाईल में मेरा ई-केवायसीष एप डाउनलोड किया जा सकता हैं। एप में ई-केवायसी किए जाने की प्रक्रिया के लिए पात्र हितग्राहियों के आधार कार्ड में लिंक मोबाइल नम्बर में प्राप्त ओटीपी के आधार पर फेस ई-केवायसी विकल्प आने पर हितग्राही की ई-केवायसी करने संबंधी सहमति की घोषणा को स्वीकृत कर मोबाईल फोन का फ्रंट कैमरा ओपन होने पर अपना चेहरा गोले के अंदर दिखाया जाना होगा, उसका रंग हरा होने के बाद हितग्राही को अपनी पलको को कैमरों के सामने दो बार झपकाना होगा तत्पश्चात ई-केवायसी सफल होने पर मोबाइल स्क्रीन पर ई-केवाईसी सफल का संदेश प्राप्त होगा।

इस एप के माध्यम से हितग्राही का बच्चा या वृद्ध होने के स्थिति में उनके माता-पिता या उनकी संतान किसी के मोबाईल फोन पर एप डाउनलोड कर ई-केवायसी की जा सकती हैं। ष्मेरा ई-केवायसी ष एप में हर हितग्राही के पास फोन की बाध्यता नहीं हैं अर्थात एक फोन से कई हितग्राहियों का ई-केवायसी किया जा सकता हैं, जिस हितग्राही का ई-केवाईसी किया जाना है, उनका आधार से लिंक मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त कर ई-केवायसी किया जा सकता हैं।

---

*बढ़ते हादसों के बाद भी नहीं कसी जा रही चालकों की नकेल*

# ज्यादा कमाई के लालच में ओवरलोड सवारियां भरकर हादसे को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के ग्रामीण अंचलों में आटो ओवरलोड सवारियां भर कर फर्राटे के साथ चल रहे हैं। अपने लाभ के लिये वाहन चालक यात्रियों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कई चालकों द्वारा तो रजिस्ट्रेशन व परमिट के बगैर ही ओवरलोड सवारियां भरकर वाहन दौड़ा रहे हैं। कई बार तो नाबालिगों को भी आटो रिक्शा चलाते देखा जा सकता है। अक्सर हादसों के बाद ही जिम्मेदारों का आंखें खुलती है।

#### जोखिम का सफर

ग्रामीण क्षेत्र में साधनों की कमी के चलते लोग मजबूरी में ऑटो, लोडर में सफर जान जोखिम में डालकर कर रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है शहर से लेकर गांव तक बेपरवाही का आलम जारी है, लेकिन पुलिस प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। यदा-कदा चालानी कार्रवाई का कोरम तो पूरा कर लिया जा रहा है, लेकिन हादसों पर लगाम लगाने कोई पहल नहीं हो रही। सड़क हादसों को रोकने के लिए सिर्फ सड़क सुरक्षा सप्ताह सहित बैठकों में मंथन की औपचारिकता तक सीमित रहता है।

#### ओवरलोडिंग से कई बार हो चुकीं हैं दुर्घटना

जिले में ओवरलोड आटो व लोडर वाहन कई बार हादसे का शिकार हो चुके हैं जिनमें लोगों की जान तक चली गई है बावजूद इसके ओवरलोड वाहन सरपट दौड़ रहे हैं जिसके चलते हादसे हो रहे हैं और सड़कें खूनी बनती जा रही हैं।

#### हादसा होने के बाद ही जागते है जिम्मेदार

शहर के आसपास व ग्रामीण क्षेत्र में सवारी व लोडर वाहन चालक मनमानी कर रहे हैं। कई बार तो वाहन चालक नशे की हालत में फर्राटा भरते हैं। साधनविहीन मार्गों में आटो व लोडर वाहन चालक मौके पर फायदा उठाकर ओवरलोड सवारियां बैठाते हैं। इस दौरान सवारियों को जहां दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं हर समय दुर्घटना होने का भी डर बना हुआ है। इसके लिए जिम्मेदार कार्यवाई करने की बजाय मौन साधे हुए हैं।

---

### सिंलोंडी में जल संरक्षण का संदेश देने निकली संकल्प यात्रा

# अलोनी नदी में बोरी-बंधान के साथ की गई नदी की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर संपूर्ण जिले में जीर्ण-शीर्ण पेयजल एवं जल स्त्रोतों के रखरखाव के लिए साफ-सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। जिले की नवांकुर संस्थाएं एवं प्रस्फुटन समितियां भी जल गंगा अभियान को सफल बनाने का कार्य तेजी से कर रही है।

अभियान के तहत शनिवार को सेक्टर बिलहरी क्रमांक 04 के अंतर्गत नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरयारपुर सह कायनात जन सहयोग सेवा समिति बरियारपुर विकासखंड रीठी के मगरधा से हथकुरी के बीच अलौनी नदी पर संस्था के सदस्यों द्वारा एवं स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं द्वारा श्रमदान के माध्यम से बोरी-बंधान कार्य एवं नदी में साफ-सफाई का कार्य किया गया एवं नदी की साफ-सफाई कर आम जनो को प्रेरित किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगो को जल संरक्षित करने एवं अपने अपने मोहल्ला एवं रिश्तेदारों एवं आम जनों को जल रोकने जल के अपव्यय रोकने, जल संरक्षण की श्पथ दिलाई गई।

#### जल संरक्षण हेतु किया प्रेरित

विकासखंड ढीमरखेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम के लोगों को जल संरक्षण का संदेश देने हेतु परामर्शदाता, नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समिति एवं विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के मार्ग दर्शन एवं छात्रों के सहयोग से जल संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

यह संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत सिंलोंडी के आंगनवाड़ी केंद्र के पास छोटी मढिया से प्रारंभ की गई। यात्रा में ग्राम के शिक्षक गण छात्राएं एवं सीएमसीएलडीपी छात्र व ग्रामीणों की उपस्थिति रही। यह यात्रा सिलोड़ी गांव में भ्रमण करते हुए। ग्राम नेगई में पहुंची जहां पर ग्राम पंचायत भवन में जल संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल बचाने हेतु प्रेरित किया गया नेगई के पश्चात ग्राम पाली में मंदिर मढ़िया स्थल से जल संकल्प यात्रा का भ्रमण पूरे गांव में करते हुए ग्राम की नदी में सेक्टर स्तरीय जल संकल्प यात्रा का समापन दीपदान कर किया गया। इस दौरान गांव की महिलाओं एवं ग्रामीण लोगों के द्वारा गांव में जल संरक्षण के नारे लगाते हुए लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस कार्यक्रम में ग्राम सिलोड़ी ,नेगई ,पाली के जन समुदाय श्रीलाल,विनोद बागरी सचिव की सहभागिता रही एवं ग्राम पंचायत जी आर एस , सचिव, ग्राम पंचायत सचिव पाली एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि संतोष बर्मन, अमरीश राय, राहुल राय उप सरपंच,सहायक सचिव, धीरज जैन नेगई रामशरण राजभर ग्रामीण के लोग की उपस्थिति रही।

---

# स्वर्ण पद विजेता खिलाड़ियों को दी जाएगी 10 हजार की छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए 31 मई तक करना होगा आवेदन**

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह खेल वृत्ति मध्यप्रदेश शासन के खेल और युवा कल्याण संचालनालय द्वारा 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को दी जाएगी।

खेल वृत्ति के तहत स्वर्ण पदक विजेताओं को 10 हजार रुपए , रजत पदक विजेताओं को 8 हजार रुपए, एवं कांस्य पदक विजेताओं को 6 हजार की राशि प्रदान की जाएगी। यह लाभ केवल उन्हीं खिलाड़ियों को मिलेगा जो राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। हालांकि, मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमी, प्रशिक्षण केंद्र, केंद्र, फीडर सेंटर या भारतीय खेल प्राधिकरण के अंतर्गत प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2025 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी अपना आवेदन जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, से प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। खेलवृत्ति से संबंधित दिशा-निर्देश एवं नियमावली विभागीय वेबसाइट www.dsywmp.gov.in पर उपलब्ध है।

ईरान में भीषण विस्फोट

# बंदर अब्बास शहर में लगी आग, 4 की मौत, 500 से अधिक लोग घायल, धमाके के बाद दिखा काले धुएं का विशाल गुबार, आग बुझाने के प्रयास जारी, खिड़कियों के शीशे टूटे

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के बंदर अब्बास शहर में शनिवार को जबरदस्त धमाका हुआ। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 500 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ये धमाका ऐसे वक्त में हुआ है, जब ओमान में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता का तीसरा दौर चल रहा है। हालांकि विस्फोट के कारणों का तुरंत पता नहीं चल पाया। धमाका बंदर अब्बास शहर के शाहिद राजी बंदरगाह पर हुआ जो राजधानी तेहरान से 1000 किमी दूर है।

धमाके के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और बंदरगाह की गतिविधियों को रोक दिया गया। अभी आग बुझाने का प्रयास चल रहा है। धमाका इतना तेज था कि कई किलोमीटर दूर तक खिड़कियां टूट गईं।

*ये धमाका ऐसे वक्त में हुआ है, जब ओमान में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता का तीसरा दौर चल रहा है। धमाके के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और बंदरगाह की गतिविधियों को रोक दिया गया।*

**खास बातें**

- विस्फोट ईरान के प्रमुख बदंरगाह शाहिद राजी में हुआ
- विस्फोट के कारणों का तुरंत पता नहीं चल पाया है



**सिना कंटेनर यार्ड में हुआ विस्फोट**

मामले में ईरान के सीमा शुल्क प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि शनिवार को विस्फोट सिना कंटेनर यार्ड में हुआ, जो बंदरगाह और समुद्री संगठन से जुड़ा हुआ है। रजई बंदरगाह पर हुए इस भीषण धमाके के कारण कई किलोमीटर दूर तक घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। घरों और ऑफिसों तथा आसपास मौजदू गाड़ियों को काफी नुकसान पहुंचा है।

**ऑयल के कंटेनर्स रखे थे**

वहीं ईरानी सरकारी टेलीविजन ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट में घटनास्थल पर ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण में लापरवाही की बात सामने आ रही है। यहां पर ऑयल और पेट्रोकेमिकल फेसेलिटी वाले कंटेनर्स को रखा जाता है।

**घटना के कई वीडियो वायरल**

*घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहे हैं, जिसमें धमाके के बाद काले धुएं का विशाल गुबार देखा जा सकता है। जबकि इस मामले में अधिकारियों ने विस्फोट का तत्काल कोई कारण नहीं बताया। बता दें कि, रजई बंदरगाह ईरान के बंदरगाहों में से एक है।*

ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना चाहता यूएस

## ईरान-अमेरिका के विशेषज्ञों के बीच हुई ओमान में तीसरी वार्ता

**मस्कट।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर शनिवार को ओमान में ईरान और अमेरिका के बीच गहन वार्ता शुरू हो गई। यह वार्ता संभवतः ईरान के यूरेनिमय संवर्धन पर केंद्रित होगी। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने खबर दी कि ओमान की राजधानी मस्कट में यह वार्ता हो रही है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने शुक्रवार को ओमान पहुंचकर ओमानी विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी से मुलाकात की, जिन्होंने इससे पहले मस्कट और रोम में हुई दो दौर की वार्ताओं में मध्यस्थता की थी। अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के लिए मॉस्को में थे। शनिवार को वह ओमान पहुंचे। दशकों से जारी तनाव के बाद परमाणु वार्ता हो रही है। इस वार्ता का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना है, जिसके बदले में अमेरिका ईरान पर लगाए गए कुछ कठोर आर्थिक प्रतिबंध हटाएगा।

**खबर संक्षेप**

### बंदूकधारियों के हमले में 20 लोगों की मौत



**अबुजा।** नाइजीरिया में जम्फारा राज्य के एक गांव में हथियारबंद लोगों ने कम से कम 20 लोगों की हत्या कर दी और दर्जनों को घायल कर दिया। 'एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया' ने बताया कि बंदूकधारी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर गुरुवार दोपहर को डैन गुलबी जिले के गोबिरावा चाली गांव पहुंचे और उन्होंने वहां लोगों पर हमला कर दिया। उसने बताया कि बंदूकधारियों ने सबसे पहले सोने की एक खदान को निशाना बनाकर 14 लोगों की हत्या की।

### प्रतिबंधित संगठनों के चार सदस्य गिरफ्तार



**इंफाल।** मणिपुर में दो प्रतिबंधित संगठनों के चार सदस्यों को इंफाल पूर्वी और इंफाल पश्चिम जिलों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को इंफाल पूर्वी जिले के सेइजांग मायाई लेइकाई और तेलौ ममांग लेइकाई इलाकों से प्रतिबंधित संगठन प्रेपक (प्रो) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। प्रतिबंधित 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट' के एक समर्थक को हेइग्रुजम ममांग लेइकाई इलाके से गिरफ्तार किया गया।

### वायुसेना अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई रोकी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बेंगलुरु शहर की पुलिस को 'रोड रेज' मामले में भारतीय वायुसेना के



विंग कमांडर शिलादित्य बोस के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया है। अधिकारी ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी, जिस पर न्यायमूर्ति हेमंत चंदनगौदर ने 24 अप्रैल को यह अंतरिम निर्देश जारी किया। घटना 21 अप्रैल को सी. वी. रमन नगर के पास हुई थी। शुरुआत में, पुलिस ने बोस की दी हुई शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की।

## खत्म होगा आतंक का खेल! सुरक्षा बलों का बड़ा एक्शन

# पिछले 48 घंटे में 6 आतंकियों के घर ध्वस्त किए, सर्च ऑपरेशन जारी

**एहसान शेख ने पाकिस्तान से ही ट्रेनिंग लेकर घाटी में दहशत फैलाई है**

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सुरक्षा बलों का ऑपरेशन जारी है। पुलवामा में सक्रिय आतंकवादी के घरों को भारतीय सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया है। शुक्रवार को घाटी के अंदर सक्रिय आतंकियों आदिल हुसैन थोकर और उसके साथी एहसन शेख के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। उन दोनों के घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। जून 2023 से लश्कर के सक्रिय कैडर एहसान अहमद शेख के दो मंजिला घर को सुरक्षा बलों ने आईईडी का उपयोग करके उड़ा दिया है। वह पुलवामा के मुर्रान का रहने वाला है। एहसान पहले भी कई हमलों में शामिल रहा है।

पाकिस्तान से ही ट्रेनिंग लेकर उसने घाटी में दहशत फैलाई है। ऐसी ही एक अन्य कार्रवाई में 2 साल पहले लश्कर में शामिल हुए शाहिद अहमद के घर को शोपियां के चोटीपोरा इलाके में विस्फोट कर उड़ा दिया गया है। इसके अलावा शुक्रवार की रात सुरक्षा बलों ने कुलगाम के क्विमोह में जाकिर गनी के घर को उड़ा दिया, वह 2023 में लश्कर में शामिल हुआ था।



आतंकी अहसान उल हक शेख का पुलवामा में घर ध्वस्त किया

**इन आतंकियों के ढहाए घर**

- आदिल हुसैन थोकर (बिजबेहरा)
- आसिफ शेख (त्राल)
- अहसान शेख (पुलवामा)
- शाहिद कुट्टे (शोपियां)
- जाकिर गनी (कुलगाम)
- हारिस अहमद (पुलवामा)



आतंकी जाकिर अहमद गनी का कुलगाम में घर ध्वस्त किया

### सेना ने जारी की 14 आतंकियों की हिट लिस्ट

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बाद बढ़ी सुरक्षा चिंताओं के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में खुफिया एजेंसियों ने केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय रूप से सक्रिय 14 स्थानीय आतंकवादियों की एक सूची तैयार की है। सूत्रों के अनुसार, 20 से 40 वर्ष की आयु के ये व्यक्ति पाकिस्तान से विदेशी आतंकवादियों को रसद और जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान कर सक्रिय रूप से सहायता कर रहे हैं। पहचाने गए गुर्गों के पाकिस्तान समर्थित तीन प्रमुख आतंकी संगठनों से जुड़े होने की खबर है। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम)। इनमें से 3 हिजबुल मुजाहिदीन से, 8 एलईटी से और 3 जेईएम से जुड़े हैं। इन व्यक्तियों के नाम हैं- आदिल रहमान डेन्टू (21), आसिफ अहमद शेख (28), अहसान अहमद शेख (23), हारिस नजीर (20), आमिर नजीर वानी (20), यावर अहमद भट, आसिफ अहमद खांडे (24), नसीर अहमद वानी (21), शाहिद अहमद कुटे (27), आमिर अहमद डार, अदनान सफी डार, जुबैर अहमद वानी (39), हारून रशीद गनई (32) और जाकिर अहमद गनी (29)।

### नाम बड़े, खुफिया डोजियर का हिस्सा

सुरक्षा बलों ने पूरे दक्षिण कश्मीर में, खास तौर पर अनंतनाग और पुलवामा जिलों में समन्वित अभियान शुरू किए हैं, जहां माना जाता है कि सूचीबद्ध कई लोग सक्रिय हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने संकेत दिया है कि ये नाम एक बड़े खुफिया डोजियर का हिस्सा हैं जिसका इस्तेमाल घाटी में आगे के हमलों को रोकने और आतंकी रसद को बाधित करने के लिए किया जा रहा है। एजेंसियां इन 14 आतंकवादियों के उन पांच आतंकवादियों से संबंध खोजने में लगी हुई हैं जिन्होंने 22 अप्रैल को दोपहर 2 बजे के आसपास लोकप्रिय पर्यटन शहर पहलगाम के पास बैसरन के सुरम्य घास के मैदान में 26 पर्यटकों पर हमला किया था। इन 14 स्थानीय सक्रिय आतंकवादियों की सूची जारी करना एक कदम है, क्योंकि जांचकर्ताओं ने घातक हमले में शामिल पांच आतंकवादियों की पहचान की है, जिनमें तीन पाकिस्तानी नागरिक भी शामिल हैं।

**काचीपोरा में लश्कर के अहमद का घर ढहाया**

*पहलगाम हमले के बाद पिछले 48 घंटे में कुल 6 आतंकियों के घरों को ध्वस्त किया जा चुका है, इनमें सक्रिय लश्कर कैडर के 5 आंतकियों के घर शामिल हैं। शनिवार को काचीपोरा में लश्कर के ही हैरिस अहमद का घर भी बम से उड़ाया गया है। यह पहली बार है जब किसी आतंकी हमले के बाद सेना सिर्फ जरिए कार्रवाई नहीं हो रही है बल्कि बुलडोजर भी चलाया जा रहा है।*

भारत-पाक तनाव पर बोले ट्रंप

## सीमा पर हमेशा रहा है टेंशन दोनों खुद ही सुलझा लेंगे मुद्दे



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारत ने पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ कुछ सख्त कदम उठाए है। इससे पाकिस्तान की बौखलाहट बढ़ती ही जा रही है। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच हमेशा से तनाव रहा है और वे इसे किसी न किसी तरह से खुद ही सुलझा लेंगे। बता दें कि ट्रंप ने यह बात उस समय कही जब वे रोम जाने के लिए एयर फोर्स वन विमान में सवार थे। साथ ही पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान ट्रंप ने कहा कि मैं भारत और पाकिस्तान दोनों के करीब हूं। उन्होंने कहा कि कश्मीर का मामला बहुत पुराना है।

**आतंकी हमले के खिलाफ दुनिया भर में प्रदर्शन**

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश ही नहीं दुनिया भर के भारतीयों में भी आक्रोश है। मेलबर्न, लंदन, काठमांडू समेत तमाम जगहों पर भारतीय समुदाय पहलगाम हमले के विरोध में सड़क पर उतर आया है। मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वायर पर शनिवार को भारतीय समुदाय के हजारों लोगों ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ने हाथों में तख्तियां पकड़ रखी थीं। उन्होंने पाकिस्तान आतंकवाद बंद करो, पाकिस्तान सेना आतंकी सेना और हिंदुओं का जीवन मायने रखता है जैसे नारे लगाए। उधर, काठमांडू में भी लोगों ने पाकिस्तान दूतावास के पास विरोध प्रदर्शन किया।

**पहलगाम में जो हुआ वो बहुत बुरा**

ट्रंप ने पहलगाम हमले को लेकर कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जो हुआ वो बहुत बुरा था। इसके साथ ही ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान सीमा विवाद पर कहा कि भारत पाकिस्तान के बीच सीमा पर 1,500 सालों से तनाव रहा है। यह नया नहीं है। लेकिन मुझे भरोसा है कि भारत और पाकिस्तान इसे किसी तरह से सुलझा लेंगे।

**ट्रंप प्रशासन के खिलाफ 19 राज्यों का मुकदमा**

## स्कूलों में डीईआई से जुड़े कार्यक्रम को दी चुनौती

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के 19 राज्यों ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ एक मुकदमा दायर किया है। राज्यों की तरफ से ये मुकदमा राष्ट्रपति ट्रंप के उस फैसले के खिलाफ किया गया है कि, जिसमें स्कूलों से कहा गया था कि वे विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) से जुड़े कार्यक्रमों को बंद करें, वरना उनकी फंडिंग रोक दी जाएगी।

मामला बीते 3 अप्रैल का है, जब अमेरिकी शिक्षा विभाग ने सभी राज्यों से कहा था कि वे यह प्रमाणित करें कि उनके स्कूल अवैध डीईआई नीतियों को नहीं अपना रहे हैं।



**आदेश असंवैधानिक**

*राज्यों द्वारा मैसाचुसेट्स में दायर इस मुकदमे में ट्रंप प्रशासन के इस आदेश को गैरकानूनी और असंवैधानिक बताया है। मुकदमे में यह भी कहा गया कि यह आदेश स्कूलों और छात्रों के हितों के खिलाफ है, खासकर उन बच्चों के, जो पहले से ही शिक्षा में पीछे हैं या विशेष जरूरतों वाले हैं। 19 राज्यों ने कहा है कि वे पुराने कानूनों और नीतियों पर कायम रहेंगे।*

**आतंकी हमले का लिंक धनबाद तक पहुंचा**

## वासेपुर में एटीएस ने की छापेमारी चार लोगों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ रांची

पाकिस्तान द्वारा साजिश रचकर जिस प्रकार से कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के जरिए निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया और बेहरमी से उनकी हत्या कर दी गई। इस आतंकी हमले से देश एकजुट हो चुका है। इसी सिलसिले में झारखंड के धनबाद में शनिवार को एटीएस द्वारा छापेमारी की गई।

वासेपुर स्थित शमशेर नगर में एटीएस की टीम ने छापेमारी करते हुए चार लोगों को हिरासत में लिया है। मौके पर से कुछ धार्मिक किताबें, स्मार्टफोन बरामद किए गए हैं।



**जिहादी विचारधारा फैला रहे**

*जिहादी विचारधारा फैलाने और देश विरोधी गतिविधि में शामिल होने का आरोप लगा है। छापेमारी के दौरान जिन चार लोगों को पकड़ा गया है, वो आयान जावेद, शबनम, यूसुफ और कौशर हैं। आरोप है कि यह लोग जिहादी विचारधारा को फैलाने का प्रयास कर रहे थे।*

गुजरात में अवैध अप्रवासियों पर बड़ी कार्रवाई

## हिरासत में लिए गए हजारों बांग्लादेशी, इनमें दो अलकायदा के स्लीपर सेल, प्रत्यर्पण करेंगे

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गुजरात में एक हजार से अधिक बांग्लादेशी अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने बताया कि सूरत और अहमदाबाद में तलाशी अभियान के दौरान अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इनके प्रत्यर्पण के प्रयास जारी हैं।

**कई मादक पदार्थ और मानव तस्करी में शामिल**

*सांघवी ने कहा कि अप्रवासियों ने गुजरात आने से पहले भारत के विभिन्न हिस्सों में रहने के लिए पश्चिम बंगाल से प्राप्त फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। इनमें से कई लोग मादक पदार्थ तस्करी और मानव तस्करी में संलिप्त हैं।*



**निर्वासन किया जाएगाः डीजीपी**

गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विकास सहाय ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा दस्तावेजी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उनकी राष्ट्रीयता का पता लगाया जा रहा है। जब यह तय हो जाएगा कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं, तो केंद्र सरकार और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के समन्वय से उनके निर्वासन की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूरी की जाएगी।

## राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने दी पोप को भावभीनी श्रद्धांजलि

**पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में दफनाया गया**

# पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में दो लाख लोग हुए शामिल

दफनाने की प्रक्रिया निजी रही, जिसमें कार्डिनल और करीबी उपस्थित रहे

एजेंसी ▶▶ वेटिकन सिटी

शनिवार को पोप फ्रांसिस को दफनाया गया। पोप के अंतिम संस्कार में दुनिया भर की कई हस्तियां शामिल हुईं जिनमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष और राजा शामिल हैं। अंतिम संस्कार की रस्में सेंट पीटर्स स्कवायर में की गईं। रस्मों के बाद कैदी और प्रवासी पोप के पार्थिव शरीर को ताबूत में लेकर बेसिलिका में ले जाया जाएगा, जहां उन्हें दफनाया गया। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में दो लाख से अधिक लोग शामिल हुए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दी।

उनके साथ केंद्रीय संसदीय कार्य-अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद हैं। मुर्मू पोप के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वेटिकन सिटी पहुंची। साथ ही मत्स्य-पशुपालन व डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन, और



गोवा विधान सभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डी सूजा भी पहुंचे हैं। भारत ने पोप के निधन पर तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के लिए इटली ने कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए हैं, जिनमें 2500 से ज्यादा पुलिसकर्मी, 1500 सैनिकों को तैनात किया गया है। साथ ही तटों पर टारपीडो जहाज और लड़ाकू विमानों के दस्ते तैनात किए गए हैं।

**मई में शुरू होगी नए पोप को चुनने की प्रक्रिया**

*मई के पहले हफ्ते में नए पोप को चुनने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अभी कुछ कार्डिनल द्वारा वेटिकन सिटी का संचालन किया जा रहा है, जिनमें सबसे प्रमुख कार्डिनल हैं जियोवानी बटिस्टा रे। नए पोप को चुनने के लिए सिस्टीन चैपल में होने वाले मतदान का प्रबंधन करने की जिम्मेदारी भी कार्डिनल जियोवानी बटिस्टा रे के कंधों पर ही होगा।*

**ये दुनिया उनकी सेवाओं को याद करेगी: पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि ये दुनिया पोप फ्रांसिस को समाज के प्रति उनकी सेवाओं के लिए हमेशा याद करेगी। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म ने सेंट पीटर्स बेसिलिका में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने लिखा कि राष्ट्रपति जी ने भारत के लोगों की तरफ से पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित की। ये दुनिया समाज के लिए उनकी सेवाओं के लिए हमेशा याद करेगी।

**बेसिलिका के साथ एक खास रिश्ता**

पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में दफनाया गया। पोप बनने से पहले भी पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका से खास लगाव था। पोप के रूप में अपनी प्रत्येक विदेश यात्रा से पहले और बाद में पोप फ्रांसिस यहां प्रार्थना करने जाते थे। वेटिकन ने कहा कि 40 विशेष अतिथि बेसिलिका के सामने पियाजा पर उनके ताबूत का स्वागत किया, जिनमें हाशिए पर मौजूद लोग, जैसे बेघर लोग और प्रवासी, कैदी और ट्रांसजेंडर लोग शामिल होंगे। पोप को दफनाने की प्रक्रिया निजी रही, जिसमें कार्डिनल और कुछ करीबी सहयोगी शामिल हुए।

**भारत ने ब्रिक्स शेरपा बैठक में हिस्सा लिया**

## बहुपक्षीय सहयोग व विकास पर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने ब्रिक्स शेरपा बैठक में भाग लिया, जो बीते शुक्रवार को रियो डी जनेरियो में आयोजित की गई। इस बैठक में भारत की ओर से विदेश मंत्रालय के सचिव (आर्थिक संबंध) डम्मू रवि ने प्रतिनिधित्व किया। बैठक के दौरान ब्रिक्स देशों ने मिलकर बहुपक्षीय सहयोग, सतत विकास और सदस्य देशों के आपसी सहयोग को बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी दी कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत हुई।



**वैश्विक मुद्दों पर की बात**

इससे पहले 24-25 मार्च को ब्राजीलिया में 10वीं ब्रिक्स नीति योजना संवाद बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें संयुक्त सचिव रघुराम एस. ने भाग लिया था। इस बैठक में हाल ही में ब्रिक्स में शामिल नए देशों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। ब्रिक्स की हाल की बैठकों में स्वास्थ्य, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वैश्विक शांति जैसे मुद्दों पर खास ध्यान दिया गया है।